<u>प्रैस विज्ञप्ति</u>

दिनांक : **04.09.2019**

आज दिनांक 04.09.2019 को उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र,राजकीय महाविद्यालय संजौली, शिमला में Anti Drug Campaign Committee द्वारा Drug Free Himachal विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता, डॉ. दिनेश दत्त शर्मा द्वारा Prof. and Head Department of Psychiatry, IGMC Shimla ने नशे के प्रकारों, नशा करने के ढंगों/तरीकों तथा नशा करने के व्यक्तिगत पारीवारिक एवं सामाजिक परिणमों की विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने अपने व्याख्यान द्वारा नशा से दूर रहने के उपायों के बारे में भी बतलाया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सी.बी. मेहता, प्राचार्य ने विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में युवाओं में नशे के प्रति बढ़ते प्रचलन पर चिन्ता व्यक्त करते हुए अपने निजी जीवन से उदाहरण देते हुए छात्रों को सन्देश दिया कि नशा जहां तक व्यक्ति का शारिरिक एवं मानसिक सन्तुलन विगाड़ता है वहीं वह पूरे परिवार तथा समाज को विघटित करता है। उन्होंने, महाविद्यालय की नशा निवारण समिति के कार्यो की प्रशंसा की और इस दिशा में महाविद्यालय में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के 1078 छात्र–छात्राओं ने इस व्याख्यान को सुना तथा स्रोत व्यक्ति से प्रश्न भी पूछे। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ 45 शिक्षक भी उपस्थित रहें जिनमें प्रो. भारती भागड़ा, डॉ. सरिता शारदा, डॉ. राम लाल शर्मा, डॉ. रविन्द्र चौहान, प्रो. दीपक कपरेट, प्रो. भारती शर्मा, पो. रूबी कपूर आदि उपस्थित रहें, मंच संचालन प्रो मोना शर्मा द्वारा किया गया।